

# समर शेड्यूल में इंदौर से दो सीधी यात्री उड़ानें बंद

**दो नए रूट शुरू करने की तैयारी**

**इंदौर. देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से सफर करने वाले यात्रियों के लिए समर शेड्यूल में राहत कम और परेशानी ज्यादा नजर आ रही है. अप्रैल से नासिक और उदयपुर के लिए चल रही सीधी फ्लाइट्स बंद होने जा रही हैं, जबकि इसके बदले दो नए शहरों से हवाई कनेक्टिविटी जुड़ने की संभावना बनी है.**

एयरलाइंस की बुकिंग वेबसाइट्स पर मार्च के अंतिम सप्ताह के बाद नासिक और उदयपुर के लिए कोई सीधी उड़ान उपलब्ध नहीं दिखाई दे रही है. वर्तमान में नासिक के लिए सप्ताह में तीन दिन और उदयपुर के लिए चार दिन उड़ानें संचालित हो रही थीं, लेकिन समर शेड्यूल में इन रूट्स को हटाया जा चुका है. डीजीसीए द्वारा जारी प्रस्तावित शेड्यूल में भी इन शहरों का नाम शामिल नहीं है. ट्रेवल एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया का कहना है कि गर्मी के मौसम में पर्यटन स्थलों की मांग घटने के चलते एयरलाइंस अक्सर इन रूट्स पर उड़ानें रोक देती हैं और सर्दियों में दोबारा शुरू करती हैं. इंदौर से इससे पहले भी कई शहरों के लिए शुरू हुई सीधी सेवाएं बंद हो चुकी हैं.

वाराणसी, प्रयागराज, शिर्डी, जोधपुर, राजकोट के साथ आरसीएस योजना के तहत शुरू हुई बेलागावी और किशनगढ़ की उड़ानें भी अब संचालित नहीं हो रही हैं. गाजियाबाद रूट भी फिलहाल ठप पड़ा है. हालांकि अप्रैल से एयरपोर्ट के 24 घंटे संचालन शुरू होने से स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है. अभी रात में रनवे बंद रहने के कारण उड़ानों की संख्या सीमित है. पूरे समय संचालन होने पर नए स्लॉट मिलने और नए रूट शुरू होने की संभावना बढ़ेगी. इसी बीच फ्लाई 91 एयरलाइंस इंदौर से जलगांव और हैदराबाद के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की तैयारी में है.




**जलगांव के लिए इंदौर से पहली बार शुरू होगी हवाई सेवा**

इस संबंध में एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार का कहना है कि कंपनी ने इन रूट्स की घोषणा अपनी वेबसाइट पर कर दी है और मार्च मध्य या अप्रैल से संचालन शुरू हो सकता है . जलगांव के लिए पहली बार इंदौर से हवाई सेवा शुरू होगी, जिससे महाराष्ट्र के लिए एक नया कनेक्शन मिलेगा . वहीं हैदराबाद रूट पर यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध होगा . एक ओर जहां समर शेड्यूल में कुछ रूट बंद होने से यात्रियों को झटका लगा है, वहीं नई उड़ानों से सीमित राहत मिलने की उम्मीद की जा रही है .

# भागीरथपुरा में मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र के भागीरथपुरा इलाके में रहने वाले 42 वर्षीय एक व्यक्ति की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. मृतक अपने साथियों के साथ रहकर फोटो बाइंडिंग का काम करता था. वह मूल रूप से छत्तीसगढ़ का निवासी बताया जा रहा है.

एसीपी रुबिना मिजवानी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाकर जांच शुरू की. प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि घटना से पहले मृतक और कुछ लोगों ने साथ बैठकर शराब भी पी थी. पुलिस ने



संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. एसीपी का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी. फिलहाल पुलिस हत्या की आशंका के एंगल से मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है.

## एक नजर में

### कॅरियर काउंसलिंग व परीक्षा तैयारी को लेकर दिया मार्गदर्शन



**महू .** राष्ट्रीय मानव अधिकार महिला एवं बाल विकास आयोग की प्रदेश सचिव डॉ . कनक पटेरिया द्वारा शासकीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास, मोती तबेला में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को कॅरियर काउंसलिंग एवं 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रभावी तैयारी विषय पर मार्गदर्शन दिया . डॉ . पटेरिया ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही सफलता की सच्ची कुंजी है . उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन तथा परीक्षा के तनाव से मुक्त होकर अध्ययन करने के व्यावहारिक उपाय समझाए और बेटियों को अपने सपनों को पहचानकर उन्हें साकार करने की प्रेरणा दी . कार्यक्रम में छात्रावास की अधीक्षिका जानकी कोटिया ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया .

### महाराष्ट्र के पुसद में महू के खिलाड़ियों ने लहराया परचम



**महू .** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन एवं वेस्टर्न इंडिया फुटबॉल एसोसिएशन मुंबई से मान्यता प्राप्त स्व . भैया साहब राजे मेमोरियल ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता पुसद में नेशनल फुटबॉल क्लब महू ने डीके फॉर्मा फुटबॉल क्लब मुंबई को 4-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया . इस शानदार जीत पर इंदौर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव नीरज शर्मा, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, जेसी खोड़े, अशोक पिल्ले, सुरेश डामोर, एसएम सलीम, ओपी बाथम, प्रवीण कांबले, विक्रम शक्तावत, अविनाश यादव, संदीप जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं .

### अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 11 नाबालिग लापता

**इंदौर .** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बीते दो से तीन दिनों के भीतर नाबालिग बेटियों और बेटों को बहला-फुसलाकर ले जाने की लगातार घटनाएं सामने आई हैं . विभिन्न थानों में दर्ज मामलों के अनुसार अधिकतर प्रकरणों में अज्ञात आरोपियों पर अपहरण का अपराध दर्ज किया है . पुलिस ने सभी मामलों में तलाश शुरू कर दी है . थाना आजादनगर क्षेत्र में कोहिनूर कॉलोनी और मयूर नगर मुसाखेड़ी से एक पिता की बेटी और एक महिला की पोती को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया . वहीं एमआईजी थाना क्षेत्र के सोमनाथ की जूनी चाल से एक नाबालिग लड़की के लापता होने पर परिजनों की शिकायत पर अपहरण का मामला कायम किया. वहीं परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में जनता क्वार्टर और सर्वहारा नगर से दो नाबालिग बेटियों के बिना बताए चले जाने पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई गई है, जबकि हीरानगर थाना क्षेत्र के खातीपुरा धर्मशाला के पास से भी एक नाबालिग लड़की के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज हुई है . इसके अलावा बाणगंगा थाना में गोविंद कॉलोनी, गोविंद नगर खारचा और बाणगंगा क्षेत्र से दो बेटियां और दो बेटों के अपहरण की शिकायतें सामने आई हैं . एक प्रकरण में बच्चा खेलने गया था और वापस नहीं लौटा . इसी तरह ग्रामीण इलाके के बेटमा थाना क्षेत्र अंतर्गत मां विहार कॉलोनी के पास से एक महिला को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज किया है, जिसमें एक युवक को नामजद आरोपी बनाया है . जबकि चंदननगर थाना क्षेत्र के केशव नगर सिरपुर से भी एक पिता के नाबालिग बेटे को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज किया है . सभी 11 मामलों में पुलिस अधिकारियों का कहना हैं कि सभी प्रकरणों में विशेष टीमें गठित कर सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर तलाश की जा रही है .

### बिना हेलमेट के 1762 दोपहिया चालक पकड़ाए

**इंदौर .** सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोट से होने वाली मौतों पर रोक लगाने के उद्देश्य से इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहरभर में हेलमेट जागरूकता और कार्रवाई अभियान चलाया. इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 1762 दोपहिया चालकों पर कार्रवाई की गई. यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए पुलिस आयुक्त नगरीय के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त और यातायात प्रभारी पुलिस उपायुक्त के निर्देशन में यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है . जिसके तहत में शहर के प्रमुख चौराहों पलासिया, विजयनगर, महूनाका, चाणक्यपुरी, राजीव गांधी सर्कल सहित अन्य स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस ने नियम तोड़ने वालों पर चालानी कार्रवाई की. साथ ही लाउडस्पीकर के माध्यम से चालकों को हेलमेट की उपयोगिता और सड़क सुरक्षा नियमों का महत्व भी समझाया . विशेष अभियान में 1762 वाहन चालकों के विरुद्ध बिना हेलमेट वाहन चलाने पर कार्रवाई की गई .

### ऑफिस की दराज से ऑफिस फंड कलेक्शन के रुपए चोरी

**इंदौर .** ऑफिस में रखे कलेक्शन के नकद रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है . फरियादी छत पर मोबाइल पर बात करने गया था, इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने दराज से रकम उड़ा ली . पुलिस ने शिकायत पर चोरी का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है . भंवरकुआं थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि गुरु नानक नगर स्थित वाइन शॉप के पीछे बने एक कार्यालय में काम करने वाले व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने ऑफिस फंड के कलेक्शन की राशि दराज में रखी थी . इसके बाद वह मोबाइल पर बात करने के लिए छत पर चला गया . करीब शाम पांच बजे लौटकर आया तो दराज में रखे रुपये गायब थे . आसपास तलाश करने के बाद जब रकम नहीं मिली तो उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई . पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर जांच शुरू कर दी है .

# क्राइम ब्रांच को मिली बड़ी कामयाबी

**इंदौर.** अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर लगातार प्रहार कर रही क्राइम ब्रांच ने ब्राउन शुगर तस्करी के एक मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी लंबे समय से शहर में नशे की सप्लाई का अहम जरिया बना हुआ था.

क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए पालदा निवासी मयूर कौशिक उर्फ मयूर सिलावट को धर दबोचा. पुलिस जांच में सामने आया है कि वह दूसरे जिलों से ब्राउन शुगर लाकर इंदौर के स्थानीय तस्करों और सप्लायरों को उपलब्ध कराता था. गौरतलब है कि 11 फरवरी को क्राइम ब्रांच ने सौरभ और गौरव नामक दो युवकों को 10.46 ग्राम ब्राउन शुगर



के साथ गिरफ्तार किया था. पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया था कि नशे का माल उन्हें मयूर सिलावट से मिलता था. इसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी. जांच में यह भी सामने आया है कि मयूर केवल एक सप्लायर नहीं बल्कि पूरे तस्करी नेटवर्क की अहम कड़ी था, जो आसपास के जिलों से कम दामों पर ब्राउन शुगर मंगवाकर शहर में महंगे दामों पर खपाता था.

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया. आरोपी की गिरफ्तारी के बाद क्राइम ब्रांच अब नशे के इस नेटवर्क के मूल स्रोत तक पहुंचने की कोशिश कर रही है. पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में अन्य सप्लायरों और जिलों के नाम सामने आएंगे.

# स्कूटी की सीट में छिपाकर एमडी ड्रग्स की तस्करी

**क्राइम ब्रांच ने युवक को रंगे हाथ पकड़ा**

इंदौर. शहर में नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसते हुए क्राइम ब्रांच ने लोखंडे पुल क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को पकड़ा है. वह स्कूटी की सीट में छिपाकर एमडी ड्रग्स की सप्लाई कर रहा था. पुलिस ने सीट के नीचे बने बाक्स से 12.59 ग्राम एमडी बरामद की है.

क्राइम ब्रांच की टीम गश्त के दौरान लोखंडे पुलिया के पास गार्डन के समीप एक संदिग्ध युवक को स्कूटी के साथ खड़ा देखी. पुलिस को देखते ही वह घबराकर भागने लगा,



जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया. पूछताछ में उसकी पहचान कासिम पिता कुतुबुद्दीन खान, निवासी श्रीनगर कांकड़ के रूप में हुई. तलाशी के दौरान स्कूटी की सीट के नीचे बने बॉक्स से 12.59 ग्राम एमडी बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब एक लाख बीस हजार रुपये आंकी गई है. पुलिस ने नशे के माल के साथ तस्करी में इस्तेमाल स्कूटी भी जब्त कर ली.

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आठवीं तक पढ़ा है और मजदूरी की आड़ में लंबे समय से ड्रग्स तस्करी में सक्रिय था. वह सस्ते दामों पर एमडी खरीदकर शहर के नशेड़ियों को महंगे दामों पर बेचता था. क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि उसे नशे का माल कहां से मिलता था और शहर में किन इलाकों में उसकी सप्लाई की जा रही थी.

# बच्चों के एडमिशन के नाम पर एक लाख की ठगी

**इंदौर.** बच्चों का स्कूल में दाखिला कराने का झांसा देकर एक महिला से एक लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाकर हड़प लेने का मामला सामने आया है. शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि श्रीनगर एक्सटेंशन स्थित श्रीनाथ रेसिडेंसी में रहने वाली अंशु पाटकर पति मिथुनलाल बाधवानी ने शिकायत दर्ज कराई कि एक परिचित महिला ने उसके दोनों बच्चों का एडमिशन अच्छे स्कूल में कराने का भरोसा दिलाया था. इसी बहाने आरोपी ने एनईएफटी के जरिए एक लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए राशि लेने के बाद न तो बच्चों का कहीं दाखिला कराया और न ही पैसे वापस किए, काफी समय तक टालमटोल के बाद जब फरियादिया को ठगी का अहसास हुआ तो उसने थाने पहुंचकर शिकायत की. पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर बैंक ट्रांजैक्शन और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू कर दी है.

# धर्मगुरु पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप, युवती ने पुलिस से मांगी सुरक्षा

**युवती का आरोप : अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर किया रेप**

नवभारत न्यूज

**इंदौर. शहर के एक चर्चित ध्यान गुरु और कथा वाचक के खिलाफ युवती ने दुष्कर्म के गंभीर आरोप लगाते हुए मध्यप्रदेश पुलिस को ईमेल के जरिए शिकायत भेजी है. पीड़िता ने आरोपी पर धार्मिक प्रभाव में लेकर मानसिक रूप से तोड़ने और फिर अलग-अलग जगहों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है. फिलहाल पुलिस स्तर पर कोई औपचारिक कार्रवाई सामने नहीं आई है.**

शिकायत में युवती ने बताया कि आरोपी को यह जानकारी है कि वह उसके खिलाफ कानूनी कदम उठाने जा रही है, जिसके चलते उसे लगातार डर और धमकियां मिल रही हैं. पीड़िता ने अपने वर्तमान निवास स्थान पर 24 घंटे पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग की है. बाद में सामने आया कि आरोप प्रसिद्ध ध्यान गुरु और कथावाचक पर लगाए गए हैं.

बीते दो दिनों से इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं तेज हैं. कुछ लोगों द्वारा आर्थिक लेन-देन को लेकर भी विवाद की बातें सामने आ रही हैं.

**आरोपी के शहर के राजनेताओं और संभ्रांत वर्ग से करीबी संबंध**

बताया जाता है कि धर्मगुरु को इंदौर में लंबे समय से राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा है . कई जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं और शहर के संभ्रांत वर्ग से भी उनके करीबी संबंध रहे हैं . ऐसे में अब यह सवाल उठ रहा है कि गंभीर आरोपों के बाद पुलिस स्तर पर क्या और कब कार्रवाई होती है . फिलहाल पुलिस शिकायत की जांच और तथ्यों के सत्यापन की प्रक्रिया में जुटी बताई जा रही है .

# एएसआई पर दर्ज था लोकायुक्त में केस, दी अनिवार्य सेवानिवृति

**केस डायरी व अहम दस्तावेज थाने में जमा नहीं किए, पाया विभागीय जांच में दोषी**

**इंदौर. पुलिस विभाग में लापरवाही और अनियमितताओं पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस कमिश्नर ने खजराना थाने में पदस्थ रहे एक सहायक उपनिरीक्षक को अनिवार्य सेवानिवृत्ति की सजा दी है. यह कार्रवाई वर्ष 2023 में दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले के बाद चली विभागीय जांच के आधार पर की गई है.**

जानकारी के अनुसार खजराना थाने में पदस्थ रहे एएसआई सुनील रैकवार के खिलाफ 18 मार्च 2023 को विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त, इंदौर द्वारा भ्रष्टाचार का प्रकरण दर्ज किया था, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है. इसके बाद उन्हें थाने से हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया था. विभागीय जांच में यह सामने आया कि एएसआई ने थाने के कई लंबित मामलों की केस डायरी, गुमशुदगी रजिस्टर, अभियोग पत्र, शिकायत नस्तियां और परिवाद से जुड़े दस्तावेज नियमानुसार थाने में जमा नहीं किए और उन्हें अनधिकृत रूप से अपने पास रखे रहा. इस लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैये को गंभीर मानते हुए एडिशनल कमिश्नर अमित सिंह ने अनिवार्य सेवानिवृत्ति का दंड सुनाया. उन्होने बताया कि पुलिस कमिश्नर लगातार विभाग में अनुशासन बनाए रखने के लिए दोषी कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई कर रहे हैं.

# कार से ले जा रहा था 13 पेटी अवैध शराब जब्त

**इंदौर.** राऊ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर एक तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. आरोपी मारुति डिजायर कार से अंग्रेजी व देशी शराब की खेप लेकर जा रहा था, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया.

राऊ थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताया कि पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर लगातार चल रही निगरानी के दौरान देर रात मुखबिर से सूचना मिली, जिसके बाद संदिग्ध वाहन को रोका. तलाशी में कार से 13 पेटी अवैध



शराब बरामद हुई, पूछताछ में आरोपी शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका. पकड़े गए आरोपी की पहचान 36 वर्षीय संतोष बागरी निवासी संजय नगर, कैट रोड, राऊ के रूप में हुई है. पुलिस ने उसके कब्जे से करीब एक लाख दो हजार रुपये की शराब और लगभग छह लाख रुपये कीमत की कार जब्त की. जब्त माल की कीमत सात लाख दो हजार रुपये बताई जा रही है. आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस आरोपी से शराब के स्रोत और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है. बताया गया है कि आरोपी पर पहले से भी आबकारी के पांच से अधिक मामले दर्ज हैं.

**एक नजर में** — भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से हुई जानलेवा त्रासदी के बाद भी जिम्मेदारों ने नहीं लिया सबक


# शहर के कई इलाकों में गंदा पानी आने का सिलसिला जारी

**इंदौर.** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से हुई जानलेवा त्रासदी में 34 मौतें होने के बाद भी जिम्मेदारों ने सबक नहीं लिया है. इतनी बड़ी घटना के बाद भी शहर के कई इलाकों में गंदा पानी आने का सिलसिला जारी है, जिससे रहवासियों में भयंकर आक्रोश है. नगर निगम की लापरवाही के कारण प्रभावित क्षेत्रों में पाइपलाइनें और सीवेज लाइनें मिलने से पानी दूषित हो रहा है. हालात को देखते हुए निवासियों ने निगम के जिम्मेदारों पर अनदेखी का आरोप लगाया है.

इसी तरह का दूषित पानी का एक मामला पूर्वी रिंग रोड क्षेत्र से भी सामने आया है. यहां के वार्ड 40 स्थित मालवा शहंशाह कॉलोनी में पेयजल संकट गहराता जा रहा है. यहां सौ प्रतिशत मजदूर वर्ग और दिहाड़ी करने वाले परिवार निवास करते हैं, जो पहले ही आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं. क्षेत्रवासियों के अनुसार पिछले कई महीनों से क्षेत्र में नलों में दूषित और बदबूदार पानी आ रहा है, जिसे पीना तो दूर, घरेलू उपयोग में लेना भी मुश्किल है. स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी में गंदगी और मटमैलेपन के कारण बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ गया है. भागीरथपुरा क्षेत्र में पूर्व में हुई जलजनित बीमारी की घटना को देखते हुए रहवासी अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे हैं और दूषित पानी का सेवन नहीं कर रहे हैं. मजबूरी में उन्हें प्रतिदिन लगभग एक किलोमीटर दूर जाकर पीने के लिए पानी भरकर लाना पड़ता है. रहवासियों ने संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक स्थाई समाधान नहीं हो पाया है. क्षेत्रवासियों ने शीघ्र शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और पाइपलाइन की जांच कर समस्या का निराकरण करने की मांग की है.



**यह बोले रहवासी...**




गंदे पानी की शिकायत नगर निगम और झोन पर बहुत बार की, यहां तक गंदे पानी की बोतल भरकर भी अधिकारियों को दिखाई, लेकिन आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया .

- रशीद अंसारी



पिछले 20 वर्षों से हम यहां रह रहे हैं, तभी से दूषित पानी की समस्या से परेशान हैं . नलों से साबुन के झाग जैसा पानी आता है, दूसरे क्षेत्रों से पीने का पानी लाना पड़ता है .

- सइदा बी



कुछ जगह पानी आता है, इस तरफ चालीस मिनट पानी आता है, वह भी इतना गंदा होता है कि जिसे ना तो पिया जा सकता है और ना ही इस्तेमाल में लाया जा सकता है .

- सायरा अंसारी

# पुलिस का छापा : समय सीमा के बाद भी खुला था रेस्टोरेंट



**दस्तावेज और कर्मचारियों की जानकारी नहीं देने पर मालिक पर केस दर्ज**

इंदौर. नाइट कल्चर के दौरान बढ़ते विवादों और अपराधों पर नियंत्रण के लिए विजय नगर पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए स्कीम नंबर 54 स्थित गिर्राज ग्रांड मल्टी में संचालित एक रेस्टोरेंट पर छापा मारा. निर्धारित समय के बाद भी रेस्टोरेंट खुले मिलने और नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

एसीपी पराग सैनी के निर्देश पर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल के ने पुलिस टीम देर रात गश्त पर थी. इसी दौरान ग्राउंड फ्लोर पर संचालित 'मोनू आईसवाल' रेस्टोरेंट रात 12 बजे के बाद भी चालू मिला, जांच के दौरान संचालक मोनू उर्फ मनफुल घेतरवाल निवासी राजस्थान से व्यवसायिक अनुमति, रेंट एग्रीमेंट और कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट मांगी गई, लेकिन वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका. विजय नगर पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है.